सीएनजी गैस वितरण के लिये 1187 सीएनजी स्टेशन होंगे स्थापित

चर्चा में क्यों?

15 दिसंबर, 2022 को राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस व पेट्रोलियम, डॉ. सुबोध अग्रवाल ने राज्य में कार्यरत सभी 14 संस्थाओं के प्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक में बताया कि सीएनजी गैस वितरण के लिये 1187 स्टेशन स्थापित किये जाएंगे, वहीं 37824 इंच किमी. पाईपलाइन बिछाई जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बैठक में बताया कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के तहत 8 साल में 96 लाख पाईपलाइन से घरेलू गैस कनेक्शन उपलब्ध करा दिये जाएंगे।
- उन्होंने राज्य की 33 ज़िलों में कार्यरत 14 गैस कंपनियों को तय समय सीमा में पाईपलाइन से गैस वितरण व्यवस्था और सीएनजी वितरण व्यवस्था को प्रभावी करने के निर्देश दिये।
- उन्होंने बताया कि जयपुर के कालवाड़ रोड़, झोटवाड़ा, विद्याधर नगर और महेंद्र सेज में 10 हजार कनेक्शन मार्च 2023 तक जारी कर दिये जाएंगे।
- एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राज्य में इस समय पाईपलाइन से एक लाख 877 घरेलू गैस कनेक्शन जारी किये जा चुके हैं। वहीं 221 सीएनजी स्टेशन की स्थापना के साथ ही 7767 इंच किमी. पाईपलाइन बिछाने का काम हो चुका है।
- डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, भरतपुर, सिरोही, जालौर, बाँसवाड़ा, डूंगरपुर, अलवर, जयपुर, धौलपुर, कोटा, रावतभाटा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा, बूंदी, अजमेर, पाली, जयसमंद में कार्य आरंभ हो चुका है।
- एमडी आरएसजीएल रणवीर सिंह ने बताया कि राज्य में बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में एजएपी, अलवर (भिवाड़ी को छोड़कर), जयपुर (कोटा शहर को छोड़कर) बारां और चित्तौड़गढ़ (केवल रावतभाटा) में टोरेंट, भीलवाड़ा, बूंदी, रावतभाटा को छोड़कर चित्तौड़गढ़, उदयपुर और प्रतापगढ़ में अडानी गैस, धौलपुर में एस्सेल, अजमेर, पाली, राजसमंद में इंद्रप्रस्थ गैस, जालौर, सिरोही, बाँसवाड़ा, डूंगरपुर, में गुजरात गैस, कोटा में राजस्थान गैस, भरतपुर में गैल गैस, भिवाड़ी में हरियाणा गैस, बीकानेर, चुरु, में दिनेश इंजीनियरिंग, झुंझुनूं, सीकर, नागौर में इंडियन ऑयल, दौसा, करौली, सवाई माधोपुर व टोंक में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, गंगानगर व हनुमानगढ़ में भारत पेट्रोलियम, झालावाड़ में मेघा इंजीनियरिंग द्वारा आधारभूत संरचना, व पाईप लाइन से गैस वितरण और सीएनजी का कार्य किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/1187-cng-stations-will-be-established-for-cng-gas-distribution